## लाइव इवेंट

### भगवान महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण दिवस, चढ़ाया लड्डू का भोग



**रायपुर।** वर्तमान शासन नायक 1008 भगवान महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारत वर्ष के जैन मंदिरों में प्रातः 5 बज कर 40 मिनट पर भगवान महावीर को निर्वाण लाड़ू चढ़ाया गया। इसी तारम्य में श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर, सन्मति नगर, फाफाडीह में भी निर्वाण लाड़ू चढ़ाया गया। मंदिर के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या एवं सचिव सुरेश पाटनी ने बताया कि वर्तमान सासन नायक भगवान महावीर का निर्वाण कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि के अंतिम प्रहर में, अमावश्या की सुबह स्वाति नक्षत्र में बिहार के पावापुरी, राजगिरि में हुआ था। इस उपलक्ष्य में निर्वाण लाड़ू चढ़ाया जाता है। भगवान के निर्वाण के उपरांत सौधर्म। इंद्र सहित सभी देवों ने उनकी निर्वाण की पूजा कर महान उत्सव मनाया।

#### गोधूलि बेला में ज्ञान की हुई थी प्राप्ति

जैन सम्प्रदाय के अनुसार अमावश्या की काली रात होने पर गोधूलि बेला में भगवान महावीर के प्रथम गणधर इन्द्रभूमि श्री गौतम स्वामी को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। गौतम स्वामी की कैवल्य ज्ञान की पूजन स्वरूप साम को सभी जिनालयों एवं घरो को बाहरी अमावश्या की काली रात को प्रकाशमान करते है और मिट्टी के दीपक प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाते हैं। उपरोक्त जानकारी मंदिर में प्रचार सचिव अतुल गोधा ने दी।

## कैंपस इवेंट

### शबद कीर्तन के साथ सिख समाज ने शहर में निकाली प्रभातफेरी



**रायपुर।** श्री गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 11 दिनों तक सिख समाज द्वारा शबद कीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली जाएगी। यह क्रम शनिवार से शुरू किया गया। पहले दिन प्रभातफेरी सुबह 05 बजे स्टेशन रोड गुरुद्वारा से शुरू होने के बाद संजय गांधी चौक, नहरपारा, गुरुनानक चौक, जवाहर नगर, फूल चौक,बढ़ई पारा, राठौर चौक, तेलघानी नाका से फिर गुरुद्वारा साहिब पहुंची। इस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होने के लिए पहुंचे। श्री गुरुनानक देवजी की स्तुति में शबद कीर्तन करते हुए वे चल रहे थे। रास्ते मे विजय मुंडेजा, रमेश घुरिया, सुनील डोडानी, नन्दलाल डोडानी, बिन्नी सिंह बागल, विजय नारा, चंदन लालवानी,महेश साधवानी, जय प्रकाश कृष्णानी ने अपने निवास के सामने प्रभातफेरी में शामिल संगत का आत्मीय स्वागत किया।

#### 10 नवंबर को नगर कीर्तन-शोभायात्रा

प्रभातफेरी में शामिल गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा,गुरमीत सिंह गुरदत्ता,तेजिंदर सिंह होरा, हरजीत सिंह अजमानी ने बताया कि यह सिलसिला प्रकाश पर्व तक अनवरत चलेगा। इंदरपाल सिंह अजमानी, गुरदीप सिंह छाबड़ा ने बताया कि 10 नवंबर को भव्य नगर कीर्तन के साथ ही 15 नवंबर को भक्ति-भाव से श्रीगुरुनानक जयंती मनाई जाएगी। इसके लिए सभी को जिम्मेदारी बांटी गई है।




### तात्यापारा पहुंचे शंकराचार्य, भक्तों ने किए दर्शन



**रायपुर।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपने रायपुर प्रवास के दौरान शनिवार को तात्यापारा पहुंचे। यहां ए-2 मिल्क कॉर्पोरेशन सेंटर में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य की विधिवत पूजा की। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने शंकराचार्य के दर्शन कर मार्ग दर्शन भी लिया।

### राजधानी में लोगों ने धूमधाम से मनाया दीपों का महापर्व, घर में पूजा के बाद पहुंचे मठ-मंदिर

# गौरा-गौरी पूजन विदाई के साथ गौ माता का सत्कार, मठ- मंदिरों में 56 भोग, आज भाईदूज

*धन की देवी मां लक्ष्मी की आस्था में मठ-मंदिर ही नहीं घर-आंगन भी रंगीन लाइटों से रोशन हुए। लोगों ने लक्ष्मी का स्वागत दीपो की श्रृंखला सजाते हुए की। इसके बाद लोग आस-पास के मंदिरों और मठों में आस्था का दीप जलाने पहुंचे। मां-गौरी-गौरा का विवाह रचाने के लिए भक्तों ने रतजगा किया। शनिवार को सुख-समृद्धि के लिए जगह-जगह अन्नकूट पूजा की गई। इसके बाद गौरी-गौरा को नम आंखों से विदाई देते हुए माता गौरी से आशीष लेने महिलाएं दंडवत हुई।*



**रायपुर।** दीपोत्सव की धूम इस बार भी वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में रही। जहां भक्तों ने आराध्य देव के दरबार में 21 सौ दीपों की श्रृंखला सजाई, वहीं उत्सव की घड़ी में फटाखों की गूंज रही। इससे पहले मंदिर को रंगीन लाइटों से सजाया गया था। मंदिर में इस बार भी भक्तों की भीड़ रही। कुछ इसी तरह का नजारा मां महामाया मंदिर, रावांभाठा स्थित बंजारी धाम, दंतेश्वरी मंदिर के साथ सभी प्राचीन मंदिरों में देखने को मिली। श्रीश्याम खाटू मंदिर में भी भक्तों ने आस्था के दीए जलाने के लिए परिवार के साथ पहुंचे। शुक्रवार की रात दूधाधारी मठ में मां लक्ष्मी महापूजन के बाद महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुन्दर दास ने लोगों को दक्षिणावर्ती शंख का दर्शन कराया। उन्होंने बताया कि यह अत्यंत दुर्लभ शंख है। इसकी सेवा श्री दूधाधार में मठ के प्रथम आचार्य स्वामी बलभद्र दासजी महाराज के समय से परंपरा के तहत की जा रही है। इस शंख का दर्शन लोगों को वर्ष में एक बार दीपावली के मौके पर ही प्राप्त होता है।

### जैतूसाव मठ में की गई गोवर्धन पूजा

पुरानी बस्ती स्थित जैतू साव मठ में अन्नकूट गोवर्धन पूजा परंपरागत रूप से किया गया। राजेश्री महंत रामसुन्दर दास ने सबसे पहले गौ माता के गोबर से निर्मित गोवर्धन पर्वत की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान राघवेंद्र सरकार की आरती की गई। 156 प्रकार के व्यंजन का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।



### बहन यमुना व यमराज का पर्व

हर साल की तरह भाईदूज को लेकर बहनों ने तैयारी की है। पौराणिक मान्यता है कि बहन यमुना ने इस दिन अपने भाई यमराज की लंबी आयु के लिए व्रत किया था और उन्हें अन्नकूट का भोजन खिलाया था। कथा के अनुसार यम देवता ने अपनी बहन को इसी दिन दर्शन दिया था। यमराज की बहन यमुना अपने भाई से मिलने के लिए अत्यधिक व्याकुल थी। अपने भाई का दर्शन पाकर यमुना बेहद प्रसन्न हुई थी। यह परंपरा रविवार को प्रेम के प्रतीक स्वरूप मनाया जाएगा। लोग इसे स्नेह का पर्व भी मानते हैं।



### विसर्जन यात्रा के साथ निकली झांकी

शहर में गौरी-गौरा पूजा के बाद विसर्जन यात्रा के दौरान झांकी का नजारा देखने को मिला। टिकरापारा, संतोषी नगर, भनपुरी, बिरगांव, अमलीडीह सहित हर क्षेत्र में आयोजकों ने धुमाल व गड़वा बाजे के साथ भक्तिभाव से विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। माता की पूजा के लिए महिलाओं ने दरवाजे पर चौका रखने के बाद पूजा-अर्चना करके कुटुम्ब की खुशहाली व समृद्धि के लिए कामना की। यह दौर हर क्षेत्र में चला। इस दौरान बैगा भी आस्था में झूमने वाले भक्तों को हवन कराने की रस्म निभाते नजर आए।



### भक्तिभाव से निभाई परंपरा

श्री दूधाधारी मठ में गोवर्धन पूजा का पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। महंत रामसुन्दर दास ने सहयोगियों व भक्तों के साथ गौशाला में गाय के गोबर से बनाए गए गोवर्धन पर्वत की विधिवत पूजा-अर्चना की। जल से स्नान के बाद गौ माता को वस्त्र धारण कराया। पूजा आरती के बाद भगवान राघवेंद्र सरकार को 56 भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालु अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। कुछ इसी तरह का नजारा महामाया मंदिर सहित सभी आस्था केन्द्रों में देखने को मिला। परंपरा का निर्वहन करने के लिए श्रद्धालु भी पहुंचे।

### गोपाल मंदिर में अन्नकूट महोत्सव

पुरानी बस्ती स्थित श्री राधा कृष्ण गोपाल मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। महंत गोपालशरण देवाचार्य ने बताया कि दोपहर 12:00 बजे गिरिराज आरती की गई। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण को 56 भोग लगाया गया। इस दौरान भक्तों के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी।



### आतिशबाजी से गूंजा आसमान, दीपों से जगमगाई राजधानी

दीपावली पर्व राजधानी रायपुर में धूमधाम से मनाया गया। घर से लेकर दुकान और मंदिरों में मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। देर रात तक आतिशबाजी की गूंज आसमान में सुनाई देती रही। घरों के सामने सजी रंगोली और घरों में जगमगाती रोशनी ने दीपावली की रौनक और बढ़ा दी। इधर बाजार में पटाखों और मिठाई की मांग दीपावली के दूसरे दिन भी रही। शनिवार को



बड़ी संख्या में लोग श्रीराम मंदिर भगवान के दर्शन करने पहुंचे और मंदिर में दीये भी जलाए। पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में माता का नए वस्त्र से श्रृंगार किया गया। इसके अलावा भगवान श्रीराम के ननिहाल चंदखुरी में भी दीपावली उत्सव मनाया गया। यहां श्रद्धालु रात में दीपदान करने मंदिर पहुंचे। मंदिर में दीयों की सजावट से ही जय सियाराम उकेरा गया।

#### तीसरे दिन भी आतिशबाजी

दीपोत्सव एवं आतिशबाजी का क्रम तीसरे दिन भी जारी रहा। शाम ढलते ही शुरू हुई आतिशबाजी की गूंज देर रात तक जारी रही। युवाओं व बच्चों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोग साइंस मैदान, रावणभाठा मैदान समेत नवा रायपुर में खुली जगहों पर पटाखे फोड़ने पहुंचे।



























